प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला

मुख्य समाचार''

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–प्रदेश के शक्तिपीठों का डिजिटल रूपांतरण होने से राज्य में पर्यटन को मिल रहा प्रोत्साहन।
- केंद्र सरकार ने एसडीआरफ से केन्द्रीय हिस्सेदारी और एनडीआरफ से हिमाचल प्रदेश को अग्रिम राशि के रूप में एक सौ 89 करोड़ से अधिक की धनराशि की जारी।
- उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने ड्रोन प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नवाचार लाने और ग्रामीण क्षेत्रों तक इसकी पहुंच बनाने के लिए समन्वित प्रयासों पर दिया बल।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश सरकार पर पैशनरों के साथ भेदभाव करने का लगाया आरोप।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश के शक्तिपीठों से देश विदेश के श्रद्धालु ऑनलाईन जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार श्रद्धालुओं और प्रदेश के शक्तिपीठों के बीच बंधन को मजबूत करने के लिए आधुनिक तकनीक का उपयोग कर रही है और नवरात्र में मंदिरों में व्यक्तिगत रूप से जाने में असमर्थ श्रद्धालुओं के लिए ऑनलाईन दर्शन की सुविधा मिल रही है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि कांगड़ा जिले के ज्वालामुखी मंदिर, बज्रेश्वरी और चामुण्डा मंदिर में वर्चुअल माध्यम से पूजा, धार्मिक सामग्री और दान की सुविधा दी जा रही है। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को विशेष पूजा, मुंडन संस्कार और डाक से प्रसाद प्राप्त करने की सुविधा भी दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऊना जिले के माता चिंतपूर्णी मंदिर और हमीरपुर जिले के बाबा बालक नाथ मंदिर सहित शिमला के जाखू मंदिर में भी श्रद्धालुओं को ऑनलाईन दर्शन की सुविधा दी जा रही है। उन्होंने कहा कि मंदिरों को डिजिटल रूपांतरण होने से राज्य में धार्मिक पर्यटन को प्रोत्साहन मिल रहा है।

केंद्रीय सहायता

केंद्र सरकार ने एसडीआरफ और एनडीआरफ से अग्रिम राशि के रूप में 14 बाढ़ प्रभावित राज्यों को 5 हजार 8 सौ 58 करोड़ 60 लाख रूपए की राशि जारी की हैं। इसमें हिमाचल प्रदेश को एसडीआरफ से केन्द्रीय हिस्सेदारी और एनडीआरफ से अग्रिम राशि के रूप में एक सौ 89 करोड़ 20 लाख रूपए जारी किए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में इस वर्ष 21 राज्यों को 14 हजार ,9 सौ 58 करोड़ से अधिक की धनराशि जारी की जा चुकी है।

अग्निहोत्री

राज्य पथ परिवहन निगम ने आज अपनी स्थापना के 50 वर्ष पूरे कर लिए है। इस उपलक्ष्य पर निगम 12 अक्तूबर को शिमला में स्वर्ण जयंती समारोह के अलावा कई अन्य कार्यक्रमों का आयोजन करेगा। इसी कड़ी में आज उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने शिमला स्थित मुख्य बस अड्डा में राज्य पथ परिवहन निगम के मुख्य कार्यालय में निर्मित बस संग्रहालय और वॉल ऑफ ऑनर का शुभारंभ किया जिसमें एच.आर.टी.सी के बेडे में शामिल हुई बसों को दर्शाया गया है। इस अवसर पर मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि वॉल ऑफ ऑनर के माध्यम से निगम के सफर की जानकारी मिलेगी। उन्होंने कहा कि एच.आर.टी.सी 50 वर्षों से अपनी वचनबद्धता के साथ लोगों को गांव–गांव तक पहुंचाने का कार्य कर रहा है। अग्निहोत्री ने कहा कि एच.आर.टी.सी घाटे के रूटों पर भी निरंतर अपनी सेवाएं दे रहा है और निगम को घाटे से उबारने के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार जल्द ही तीन सौ नई बसें खरीदेगी जिसके लिए टेंडर हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि वॉल्वो बसों का सारा फलीट भी बदलने के के प्रयास किए जा रहे हैं और इस समय निगम के बेडे में 24 वॉल्वो बसें हैं। इस अवसर पर पथ परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक रोहन चंद ठाकुर सहित निगम के अधिकारी व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। बाद में मुकेश अग्निहोत्री ने ऊना जिला के पालकवाह में डिजिटल प्रौद्योगिकी व गर्वनेंस विभाग के सम्मलेन का शुभारंभ भी किया। ये सम्मेलन डिजिटल प्रौद्योगिकी के माध्यम से रोजगार सृजन और तकनीक को लोगों के करीब लाने व प्रदेश में सार्वजनिक सेवाओं में व्यापक सुधार व उनकी पहुंच बढ़ाने पर केंद्रित है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने ड्रोन प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नवाचार लाने और इसे ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचाने के लिए समन्वित प्रयासों की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने ट्रिपल आईटी ऊना को ड्रोन प्रशिक्षण के लिए छोटी अवधि के लिए कोर्स शुरू करने का सुझाव दिया। अग्निहोत्री ने युवाओं को ड्रोन पायलट का प्रशिक्षण देने की जरूरत भी बताई।

<u>कृषि मंत्री</u>

कृषि व पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार ने आज कांगड़ा जिला में ज्वाली विधानसभा क्षेत्र की खब्बल पंचायत में 35 लाख रूपए की लागत से निर्मित स्वास्थ्य उप–केंद्र का उद्घाटन किया। इस अवसर पर जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार लोगों को उनके घरद्वार के समीप बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रयासरत है। चंद्र कुमार ने कहा कि राज्य सरकार प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक आदर्श अस्पताल बना रही है, जिनमें 6 विशेषज्ञ डॉक्टर उपलब्ध करवाए गए है।

<u>राजस्व मंत्री</u>

राजस्व व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने आज किन्नौर जिला में अंतिम ग्राम पंचायत छितकुल व रकछम का दौरा कर 22 लाख रूपए से निर्मित वनरक्षक निवास भवन का लोकार्पण किया। इसके अलावा उन्होंने रकछम व बटसेरी पंचायतों में भी विभिन्न विकास कार्यों के उदघाटन व शिलान्यास किए। इस अवसर पर एक जनसभा को संबोधित करते हुए जगत सिंह नेगी ने कहा कि प्रदेश सरकार सीमावर्ती क्षेत्रों के विकास के  लिए वचनबद्ध है और किसानों व बागवानों की आर्थिकी को सुदृढ़ करने के लिए इस वर्ष से यूनिवर्सल कार्टन लागू कर दिया गया है।

जयराम

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया है कि सरकार हिमाचल प्रदेश के पैंशनरों के साथ भेदभाव कर रही है और उन्हें महीने की पांच तारीख को मिलने वाली पैंशन अब 10 तारीख को दी जा रही है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा है कि लंबे समय तक प्रदेश में अपनी सेवाएं देने वाले सेवानिवृत्त कर्मचारियों के साथ सरकार का ये भेदभाव शर्मनाक है। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश के लोगों को ऐसा व्यवस्था परिवर्तन नहीं चाहिए जिसमें हर व्यक्ति को अपने अधिकारों के लिए सड़कों पर उतरना पड़े। उन्होंने सरकार से पैंशनरों के मुददों को गंभीरता से लेकर पैंशन समय पर देने की मांग की है। जयराम ठाकुर ने सरकार द्वारा पानी के दामों में की गई 10 फीसदी बढ़ौतरी को भी दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन्होंने आरोप लगाया है कि कांग्रेस ने चुनाव के समय लोगों को गांरटियां देकर गुमराह किया और अब हर तरह से मंहगाई बढ़ाकर उन्हें परेशान किया जा रहा है।

नड्डा दौरा

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा दो दिवसीय दौरे पर हिमाचल प्रदेश आ रहे हैं। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिन्दल ने बताया कि जगत प्रकाश नड्डा 4 और 5 अक्तूबर को हिमाचल प्रवास पर रहेंगे। उन्होनें बताया कि अपने प्रवास के दौरान जे. पी. नड्डा नवरात्रों के दिनो में धौलरा में मां दूर्गा की पूजा अर्चना में भाग लेंगे। बिन्दल ने बताया कि 4 अक्तूबर को बिलासपुर स्थित एम्स में विकासात्मक गतिविधियों की समीक्षा करने के अलावा अधिकारियों के साथ बैठक भी करेंगे। इसी तरह 5 अक्तूबर को केंद्रीय मंत्री भाजपा जिला कार्यालय सिरमौर के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन करेंगे और जनता को सम्बोधित करेंगे। इस दौरान वे नवनिर्मित भाजपा जिला कार्यालय देहरा की उद्घाटन पट्टिका का अनावरण भी करेंगे।

कार्यक्रम

सूचना व प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो की शिमला इकाई द्वारा कंडाघाट तहसील के दाउंटी गांव में पोषण अभियान पर आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम आज सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय संचार ब्यूरो के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी प्रकाश पंत ने की जबकि काल्हा पंचायत की प्रधान रीता देवी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुई। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद आंगनबाड़ी केंद्रों और स्कूली बच्चों सहित आंगनबाड़ी सहायिकाओं को पोषण आहार का महत्व समझाया। बाल व महिला विकास के कार्यक्रमों की सोलन जिला समन्वयक रेखा शर्मा ने गर्भवती महिलाओं के सही पोषण पर बल देते हुए विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने का आहवान किया। इस बीच पोषण अभियान के तहत जिला स्तरीय संवेदीकरण कार्यशाला शिमला स्थित बचत भवन में आयोजित की गई। कार्यक्रम में उपायुक्त अनुपम कश्यप ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और किशोरियों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान करवाने वाली माताओं को पौष्टिक आहार के बारे जागरूक किया।

बीएसएनएल

भारत संचार निगम लिमिटेड बीएसएनएल ने आज अपना 25वां स्थापना दिवस मनाया। इस मौके पर राजधानी शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर बीएसएनएल द्वारा एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ निगम के मुख्य महाप्रबंधक विवेक जायसवाल ने किया।

विवेक जायसवाल ने कहा कि बीएसएनएल को भारत सरकार से लगातार सहयोग मिल रहा हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में निगम का फाइवर नेटवर्क सबसे मजबूत व विस्तृत है और आने वाले तीन सालों में बीएसएनएल एक नये व बेहतर रूप में जनता के सामने होगा। उन्होंने कहा कि कॉल ड्रॉप व नेटवर्क जैसी समस्याओं को दूर करने के लिए निगम लगातार प्रयासरत है। जायसवाल ने बताया कि प्रदेश में बीएसएनएल के 15 लाख उपभोक्ता हैं और राज्य में इसी साल अप्रैल से अभी तक डेढ़ लाख से अधिक उपभोक्ता दूसरे कनेक्शन छोड़कर बीएसएनएल की तरफ आए हैं। उन्होंने ये भी कहा कि अभी तक प्रदेश में एक हजार 68 फोर जी टावर लगाए जा चुके हैं और अगले वर्ष मार्च माह तक 2 हजार टावर लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। विवेक जायसवाल ने कहा कि मार्च माह से निगम द्वारा 5–जी सेवा शुरू करने की तैयारी की जा रही है।

मुख्य समाचार एक बार फिर’

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–प्रदेश के शक्तिपीठों का डिजिटल रूपांतरण होने से राज्य में पर्यटन को मिल रहा प्रोत्साहन।
- केंद्र सरकार ने एसडीआरफ से केन्द्रीय हिस्सेदारी और एनडीआरफ से हिमाचल प्रदेश को अग्रिम राशि के रूप में एक सौ 89 करोड़ से अधिक की धनराशि की जारी।
- • उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने ड्रोन प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नवाचार लाने और ग्रामीण क्षेत्रों तक इसकी पहुंच बनाने के लिए समन्वित प्रयासों पर दिया बल।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश सरकार पर पैशनरों के साथ भेदभाव करने का लगाया आरोप।

——